पूछताछ

○ सुना है एक जमाने में नर्तकी हेलन का बड़ा दबदबा था. कुछ बताएं हेलन के बारे में?

- राम लाल वर्मा, इंदौर

– हेलन अपनी मां के साथ रंगून से तभी भारत आ गई थीं जब बर्मा पर जापानियों ने हमला किया था. हेलन ने कुछ दिनों तक दिल्ली के रेस्तरां में कैबरे किया. बाद में वह मुंबई चली गई. 1955 में *अलिफ लैला* नामक फिल्म में हेलन ने सबसे पहले नृत्य किया. और बाद में तो उनकी स्थिति यह हो गई थी कि कोई फिल्म उनके नृत्य के बिना पूरी ही नहीं होती थी. हेलन ने कुछ फिल्मों में जैसे *नाचघर* में नायिका का भी रोल किया. पिछले दिनों वह *हम दिल दे चुके सनम* में सलमान खान की मां के रोल में दिखाई दी थीं. वैसे भी वह सलमान की सौतेली मां तो हैं ही, क्योंकि उन्होंने सलमान के पिता सलीम से निकाह कर लिया है.

○ मैं माधुरी दीक्षित का जबरदस्त फैन हूं. मुझे उनकी आने वाली फिल्मों के नाम बताने का कष्ट करें? *- मनीष कुमार, पटना*

– माधुरी की आने वाली कुछ प्रमुख फिल्में हैं *ये रास्ते हैं प्यार के*, *लज्जा* और *देवदास*. संजयलीला भंसाली की *देवदास* में वह उस चंद्रमुखी की भूमिका कर रही हैं जिसे विमल राय की फिल्म *देवदास* में वैजयंतीमाला ने अभिनीत किया था.

○ हिन्दुस्तान की कसम में मुख्य भूमिका किन कलाकारों ने की थी?

– इस नाम से अब तक दो फिल्में बन चुकी हैं. पहली चेतन आनंद के निर्देशन में 1973 में बनी थी जिसके कलाकार थे राजकुमार, प्रिया राजवंश और बलराज साहनी. 1999 में बनी *हिन्दुस्तान की कसम* में अजय देवगन, मनीषा कोइराला, अमिताभ बच्चन व सुष्मिता सेन थे.

○ कृपया पांच ऐसी हीरोइनों के नाम बताएं जिनके कैरियर की शुरुआत सफल फिल्मों से हुई हो? *– जानकीवल्लभ गुप्ता, शाहदरा*

– सायरा बानो ने *जंगली*, रेखा ने *सावन भादों*, डिम्पल कापड़िया ने *बॉबी*, मनीषा कोइराला ने *सौदागर* और मधु ने *फूल और कांटे* से अपना कैरियर शुरू किया था. ये सब फिल्में हिट थीं.

○ मैं पिछले आठ महीने से फिल्मी दुनिया पढ़ रही हूं. बहुत ही अच्छी पत्रिका है. मैं फिल्म अभिनेत्री काजोल की प्रशंसिका हूं. मुझे उनका पता व फोन नंबर चाहिए. आशा है आप मेरी प्रार्थना स्वीकार करेंगे?

- मोनिका शर्मा, बोकारो सिटी

– यह जानकर खुशी हुई कि आपको फिल्मी दुनिया बहुत पसंद है. काजोल का पता व फोन नंबर है– सी विलाज, [illegible], गांधी ग्राम रोड, जुहू, मुंबई-49

○ सुना है निर्माता-निर्देशक-गीतकार गुलजार की बिटिया मेघना गुलजार डायरेक्टर बन गई हैं. अच्छा हो अगर आप उनकी फिल्म के बारे में कुछ बताएं?

– जी हां, जरूर बताएंगे. गुलजार-राखी की बेटी मेघना एक फिल्म का निर्देशन कर रही हैं जिसका नाम है *फिलहाल*. इसके कलाकार हैं तब्बू, सुष्मिता सेन, संजय सूरी और शान. यह एक प्रेम-कहानी है जिसमें दो जोड़े हैं–सुष्मिता-शान तथा तब्बू-संजय सूरी.

○ मेरे प्रिय नायक नागार्जुन हैं. मैं आपकी आभारी रहूंगी अगर आप उनका पता दे दें?

- सुनीता, मुंबई

– लीजिए पता नोट कीजिए 29 कस्तूरी, रंगम रोड, अलवर पेट, चेन्नई 18.

○ मैं सोनू निगम का चाहने वाला हूं. कृपया बताएं कि वह किन-किन फिल्मों में आ रहे हैं?


- वैभव, श्रीनगर

– सोनू का कहना है कि फिल्मों के ऑफर उन्हें बराबर मिल रहे हैं लेकिन उन्होंने अभी तक कोई भी फिल्म स्वीकार नहीं की है, क्योंकि वह अभी तक यही तय नहीं कर पाए हैं कि वह अभिनय करेंगे भी या नहीं.

○ कृपया अमिताभ बच्चन की आने वाली कुछ फिल्मों के नाम बताएं?

– शिव शंकर त्रिपाठी, कानपुर

– *कौन बनेगा करोड़पति* सीरियल और फिल्म *मोहब्बतें* की सफलता ने अमिताभ का बाजार फिर



○ फिल्म गाइड में देव आनंद व वहीदा रहमान ने कमाल का अभिनय किया था. क्या उस फिल्म के किसी भावना प्रधान दृश्य का फोटो छाप सकते हैं? *- पिंटू, रिंकू, उत्तरांचल*

– जी हां, यह फिल्म सुपरहिट गई थी. लीजिए ऊपर फिल्म *गाइड* के एक दृश्य में देव आनंद व वहीदा रहमान नजर आ रहे हैं.



o पुरानी फिल्म अंदाज में किन कलाकारों ने काम किया था. हम उस फिल्म की कोई फोटो देखना चाहते हैं.

***- मीरा कौशिक,** सहारनपुर*

– पुरानी फिल्म अंदाज में हीरो थे राजकपूर व हीरोइन थी. नरगिस. लीजिए, ऊपर उस फिल्म के फोटो में दोनों प्रसन्न मुद्रा में नजर आ रहे हैं.

से गर्म कर दिया है. *कभी खुशी कभी गम, अक्स, एक रिश्ता-दि बॉंड ऑफ लव* आदि अमिताभ की आने वाली फिल्में हैं.

o मैं काजोल से फ्रैंडशिप करना चाहती हूं. आप तो उनसे अकसर मिलते रहते होंगे. इसलिए इस पत्र के साथ काजोल के नाम लिखा पत्र आप उन तक पहुंचा दीजिए, प्लीज!

- मानसी, अनाम नगर

– आपका पत्र काजोल तक भिजवा दिया गया है. रही फ्रैंडशिप करने की बात, तो ऐसे दर्जनों पत्र हर डाक में काजोल को मिलते हैं. वह किस-किस से मित्रता करें? वैसे भी मित्रता डाक से नहीं होती, मिलने-जुलने से होती है. आप जो चाह रही हैं वैसा कत्तई व्यावहारिक नहीं है.

o क्या यह सच है कि दिलीप कुमार ने कभी बीवी सायरा बानो के रहते किसी और से निकाह किया था?

– जी हां, किया तो था. हैदराबाद की एक तलाकशुदा महिला अस्मा से उन्होंने बंगलोर में निकाह किया था. लेकिन यह रिश्ता कुछ ही सप्ताह में टूट गया.

o गजगामिनी के फ्लॉप होने के बाद क्या चित्रकार मकबूल फिदा हुसैन ने फिल्म बनाने का इरादा छोड़ दिया है? ***- ईसा भाई, लखनऊ***

– जी नहीं, छोड़ा कहां है! मकबूल अपनी दूसरी फिल्म शुरू कर रहे हैं. पर अब उनकी गजगामिनी माधुरी दीक्षित नहीं बल्कि मिस यूनीवर्स सुष्मिता सेन होंगी. अपनी इस फिल्म में हुसैन उन्हें डबल रोल में पेश कर रहे हैं. एक रोल है हैदराबाद की नाजनीन का, दूसरा जैसलमेर की राजपूतानी बाला का.

o अभिनेत्री श्रीदेवी कौन सी फिल्म बना रही हैं और किस में काम कर रही हैं?

- कृष्ण चन्द्र, मयूर विहार

– फिलहाल तो वह स्वतंत्र रूप से निर्माता नहीं बन रहीं, लेकिन अपने पति बोनी कपूर द्वारा बनाई जा रही फिल्मों में वह अपनी राय जरूर देती हैं. रही एक्टिंग की बात, तो फिलहाल तो उनके पास एक ही फिल्म है *मेरी बीवी का जवाब नहीं* और वह भी बीच में अटकी पड़ी है.

o मैं रितिक रोशन और अमिषा पटेल के उस अभिनय से, जो उन्होंने पिछले साल प्रदर्शित** कहो ना प्यार है **में किया था, बहुत प्रभावित हूं. मैं रितिक को अपना भाई और अमिषा को अपनी भाभी मानता हूं. उनसे मिलने के लिए क्या करूं?

- रूपलाल गंगवार, दमोह

– देखिए, भाई समझने तक तो बात ठीक थी लेकिन अमिषा को भाभी समझने में आप नासमझी दिखा गए, क्योंकि रितिक की शादी अमिषा से नहीं, अभिनेता संजय खान की बिटिया सुज़ेन खान से हो चुकी है. अगर भाभी का दर्जा देना है तो सुजेन को दें जो उसकी सही हकदार है.

o मिस इंडिया रही सोनू वालिया जिन्होंने खून भरी मांग में रेखा और कबीर बेदी के साथ यादगार रोल किया था, क्या अब फिल्मों में नहीं आ रहीं? ***- हृदयेश बिसारिया, अलवर***

आप सोनू वालिया को जल्दी ही *सूर्यकांत* में धर्मेन्द्र और पुरु राजकुमार के साथ देखेंगे.

o अमिताभ बच्चन अपनी पत्नी जया बच्चन के साथ क्या किसी फिल्म में भी आ रहे हैं या** सिलसिला **उनकी आखिरी फिल्म थी?

– अभी तक तो अमिताभ-जया की *सिलसिला* ही आखिरी फिल्म है. लेकिन अब आप इन दोनों को करण जौहर की *कभी खुशी कभी गम* में एक बार फिर साथ-साथ देखेंगे.

o कृपया मुझे रेखा का पूरा नाम और उनकी आने वाली फिल्मों के नाम बताएं?

- गुल मोहम्मद, रामपुर

– रेखा का पूरा नाम है भानुरेखा गणेशन. उनकी आने वाली फिल्मों में कुछ हैं–*लज्जा, आग का दरिया* तथा *किस्मत की रेखा*.

o हमें बताएं कि धर्मेन्द्र ने कुल कितनी फिल्में बनाई हैं और कितनी हिट हुई हैं?

- गजेन्द्र सतवीर, मंडी आदमपुर

– अब तक धर्मेन्द्र अपने बेटों के लिए चार फिल्में बना चुके हैं जिनमें दो *बेताब* और *घायल* कामयाब रहीं थीं. इन दोनों के ही हीरो उनके बड़े बेटे सनी देओल थे.

o हमें यह बताएं कि सबसे ज्यादा कलाकार किस फिल्म में हैं? *– महात्म कुमार, सीवान*

– इन दिनों जो फिल्में बन रही हैं उनमें करण जौहर की बन रही फिल्म *कभी खुशी कभी गम* में काफी कलाकार हैं. अमिताभ बच्चन, जया भादुड़ी, शाहरुख खान, काजोल, रितिक रोशन, करीना कपूर मुख्य भूमिका निभा रहे हैं.

o करीना कपूर व कीर्ति रेड्डी के बाद अभिषेक बच्चन अब किस नई हीरोइन के साथ आ रहे हैं?

– नीलम खंडेलवाल, कोलकाता

– अब अभिषेक बच्चन गुरदीप भल्ला के निर्देशन में बन रही फिल्म *शरारत* में ऋषिता भट्ट नामक एक नई हीरोइन के साथ आ रहे हैं.

– बच्चन श्रीवास्तव